नटवरलाल के खिलाफ तीन और शिकायतें

दुबई के कपड़ा व हीरा कारोबारी समेत तीन एनआरआई को बना डाला शिकार

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 6 दिसम्बर। दिल्ली के मालवीय नगर निवासी नटवरलाल रवींद्रनाथ सोनी के खिलाफ ठगी की शिकायतों का सिलसिला जारी है। शनिवार को दुबई के हीरा और कपड़ा कारोबारी समेत तीन एनआरआई ने पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से शिकायत दर्ज कराई। जहां से उन्हें कोतवाली में एफआईआर के लिए निर्देशित किया गया। तीनों ने देर रात तहरीर दे दी। हीरा कारोबारी विशाल नितिन कुमार ढोंढ़िया से एक लाख डॉलर, कपड़ा कारोबारी मो. अबरार से पांच करोड़ और अबुधाबी नेशनल ऑयल कंपनी के अधिशाषी अधिकारी शहनवाज उस्मान ने चार लाख दिरहम की ठगी हुई है। सभी से ढाई से तीन प्रतिशत महीने ब्याज मिलने का झांसा देकर ब्लू चिप कंपनी में इनवेस्ट कराया गया था। परेड के नवाब इब्राहिम का हाता निवासी अब्दुल करीम ने पांच जनवरी 2025 को 42.29 लाख रुपये की ठगी की एफआईआर कराई थी। कोतवाली पुलिस आरोपी रवींद्रनाथ सोनी की तलाश कर रही थी। उसके नहीं मिलने पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। रवींद्रनाथ सोनी ने अब्दुल करीम के बेटे को दुबई में इनवेस्टमेंट का झांसा दिया था। जिसके बाद अब्दुल करीम ने बेटे की बात पर रवींद्रनाथ सोनी के बताए खाते में रकम जमा कर दी। रुपये जाने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। पुलिस ने चार दिन पहले आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके बाद से कमिश्नरी पुलिस के पास शिकायतों की लाइन लग गई। दुबई में भारतीय मूल के अलावा अन्य देशों के लोगों ने ईमेल से रवींद्रनाथ सोनी के खिलाफ शिकायतें भेजी हैं। जिसकी जांच क्राइम ब्रांच, पुलिस, एलआईयू कर रही है। ठगी के ज्यादातर पीड़ित केरल के रहने वाले हैं। ठगी का शिकार हुए सभी लोगों को इनवेस्टमेंट के बाद मोटी कमाई का लालच दिया गया था। कम समय में रकम कई गुना करने के लालच में पीड़ितों ने रकम इनवेस्ट की थी। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि ब्लू चिप कंपनी और रवींद्रनाथ सोनी के खिलाफ कई शिकायतें आ गई हैं। सभी में मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। कानूनी सलाह लेने के बाद एफआईआर होंगी। आरोपी और उसकी पत्नी कहीं बाहर नहीं जा सकें। इसके लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया जाएगा।

लव जिहाद के संदेह पर जोड़े को पकड़कर पुलिस को सौंपा, हंगामा

कानपुर, 6 दिसम्बर। कल्याणपुर क्षेत्र की नई शिवली रोड पर शनिवार को एक निजी होटल से युवती के साथ बाहर निकलते समय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक गैर समुदाय के युवक को पकड़ लिया। कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर पुलिस को बुलाया और युवक पर कारवाई की मांग की। इसपर पुलिस दोनों को थाने ले आई।कल्याणपुर के नई शिवली रोड स्थित एक होटल से बिठूर निवासी एक गैर समुदाय का युवक बिठूर क्षेत्र की ही एक युवती के साथ बाहर निकल रहा था। इसी दौरान पहले से मौजूद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक लिया। कार्यकर्ताओं ने युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी। आरोप था कि युवक गैर समुदाय का है और वह बहला-फुसलाकर युवती को होटल लाया था और उसका यौन शोषण कर रहा था। वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले आई। कार्यकर्ताओं ने युवक के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं की बढ़ती भीड़ और तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया और निष्पक्ष जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि युवक-युवती से पूछताछ की गई है और उनके परिवार वालों को भी बुलाया गया। मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है। अगर तहरीर मिलती है। तो नियमानुसार कड़ी कारवाई की जाएगी।

कल से शुरू होगा बोट क्लब शहरवासियों को मिलेगी समुद्र वाली पैरासेलिंग

(आज समाचार सेवा)

कानपुर,6 दिसम्बर। गंगा बैराज स्थित कानपुर बोट क्लब में एक बार फिर से हलचल शुरू होंगी। बारिश में बंद रही बोटिंग आठ दिसंबर से दोबारा शुरू होगी। संचालन से पहले शनिवार को प्रशासनिक सचिव व एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार और सचिवए जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने बोट क्लब का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। बोट क्लब संचालक शीशपाल कठैत और वसीम शेख ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में पहली बार पैरासेलिंग की सुविधा यहां शुरू हो रही है। इसके साथ ही जेट स्की, पैंटून बोट, मोटर बोट, स्पीड बोट और बनाना राइड जैसे आकर्षण भी तैयार हैं। कैफेटेरिया से सूर्योदय सूर्यास्त का दृश्य और गंगा तट का वातावरण आगंतुकों को विशेष अनुभव देगा। निरीक्षण के बाद एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि वर्षा काल मे 15 जून से 15 अक्टूबर तक बोटिंग प्रतिबंधित रहती है। अब सुरक्षा मानकों की पुष्टि के बाद सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गई हैं। सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि बोट क्लब शहर में रोमांच पर्यटन का नया केंद्र बन रहा है। सामान्यतः ऐसी गतिविधियां समुद्री तटों या टिहरी लेक जैसे स्थलों पर मिलती हैं। लेकिन अब यही अनुभव कानपुर में उपलब्ध है। गंगा आरती, बैराज क्षेत्र की प्रकाश आभा और विविध बोट राइड्स आगंतुकों के लिए आस्था और एडवेंचर का अनूठा मिश्रण पेश करेंगी।

● एडीएम सिटी ने व्यवस्थाओं को लेकर किया निरीक्षण

महा परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को वकीलों ने दी श्रद्धांजलि

कानपुर,6 दिसम्बर। डॉ भीम राव आंबेडकर (बाबा साहेब) के महा परिनिर्वाण दिवस के मौके पर दि लायर्स एसोसिएशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। लॉयर्स अध्यक्ष दिनेश चन्द्र वर्मा एवं महामंत्री राजीव यादव ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर लॉयर्स उपाध्यक्ष पुष्कर धर द्विवेदी, कोषाध्यक्ष राकेश प्रसाद साहू, संयुक्त मंत्रीगण आशीष पाण्डेय, प्रेम शंकर मिश्रा, भानु प्रताप सिंह चौहान, कार्यकारिणी सदस्यगण बुद्ध प्रकाश, धर्मपाल सिंह भदौरिया, सूर्य प्रकाश बाजपेयी, राजीव कुमार शुक्ला, बबलू पाल, रश्मि गुप्ता, योति शर्मा, शिवम पाण्डेय, राम बहल विद्यार्थी, नरेन्द्र यादव, बुद्ध सिंह, आनन्द गौतम, प्रशान्त शुक्ला, आशीष गुप्ता, संजीव गुप्ता, विकास गुप्ता समेत आदि उपस्थित रहे।

बैंक का लिंक भेजकर बसपा नेता के खाते से उड़ाए 9 लाख

कानपुर, 6 दिसम्बर। साइबर ठगों ने बसपा नेता के व्हाट्सएप पर एचडीएफसी बैंक के नाम का लिंक भेजकर खाते से नौ लाख उड़ा दिए। खाते से रुपये निकलने का मैसेज आने पर उन्होंने 1030 पर शिकायत कर आनलाइन केस दर्ज कराया है। द्विवेदी नगर निवासी राजेश द्विवेदी बीते लोकसभा चुनाव में अकबरपुर लोकसभा से बसपा के उम्मीदवार थे। राजेश के मुताबिक बीती 13 सितंबर को उनके व्हाट्सएप पर एचडीएफसी बैंक से संबंधित लिंक आया। इसी दौरान एक व्यक्ति ने बैंक कर्मी बनकर लिंक खोलने को बोला तो उन्होंने लिंक को खोल दिया। 16 सितंबर को उनकी पत्नी मीरा संग सयुंक्त एचडीएफसी बैंक खाते से पहले चार लाख, फिर एक मिनट बाद पांच लाख रुपये निकलने का मैसेज आया। ठगी होने पर उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया।

प्रयागराज-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए प्रयागराज-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 02417/02418 प्रयागराज-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी संख्या- 02417 प्रयागराज - नई दिल्ली			गाड़ी संख्या- 02418 नई दिल्ली - प्रयागराज	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
----	23:20	प्रयागराज ▲	04:30	----
00:48	00:50	फतेहपुर	01:00	01:02
02:05	02:10	गोविन्दपुरी	23:45	23:50
04:30	04:32	इटावा	21:40	21:42
06:20	06:25	टूण्डला	19:40	19:45
07:38	07:40	अलीगढ़	17:28	17:30
11:40	----	▼ नई दिल्ली	----	14:00

प्रयागराज सेः- गाड़ी संख्या 02417, दिनांक 06.12.2025 (शनिवार) एवं 08.12.2025 (सोमवार) को। **नई दिल्ली सेः-** गाड़ी संख्या 02418, दिनांक 07.12.2025 (रविवार) एवं 09.12.2025 (मंगलवार) को।

गाड़ी संरचनाः- सामान्य श्रेणी- 04, स्लीपर श्रेणी- 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी कोच- 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01 एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी- 01

गाड़ी सं. 02275/02276 प्रयागराज-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी संख्या- 02275 प्रयागराज - नई दिल्ली			गाड़ी संख्या- 02276 नई दिल्ली - प्रयागराज	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
----	23:20	प्रयागराज ▲	04:30	----
00:48	00:50	फतेहपुर	01:00	01:02
02:05	02:10	गोविन्दपुरी	23:45	23:50
04:30	04:32	इटावा	21:40	21:42
06:20	06:25	टूण्डला	19:40	19:45
07:38	07:40	अलीगढ़	17:28	17:30
11:40	----	▼ नई दिल्ली	----	14:00

प्रयागराज सेः- गाड़ी संख्या 02275, दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को। **नई दिल्ली सेः-** गाड़ी संख्या 02276, दिनांक 08.12.2025 (सोमवार) को।

गाड़ी संरचनाः- सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-03, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी कोच-03 एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 2354/25(A)

घर के मॉडिफिकेशन के नाम पर 20.60 लाख हड़पने वाला इनामी गिरफ्तार

कानपुर, 6 दिसम्बर। कोतवाली पुलिस ने घर का मॉडिफिकेशन करने के नाम पर 20 लाख 60 हजार की नगदी हड़पने वाले शातिर कल्याणपुर निवासी मुदस्सिर रजा पुत्र मुस्तफा को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एडीसीपी क्राइम अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि धोखाधड़ी की घटना कर आरोपी मुदस्सिर फरार हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मुदस्सिर पर दस हजार का इनाम था। पुलिस टीमें आरोपित की तलाश कर रहीं थी, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

घर से निकली किशोरी लापता

कानपुर,6 दिसंबर। जूही थानाक्षेत्र में रहने वाली किशोरी दो दिन से लापता है। उसकी मां ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई है। किशोरी की मां ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी बेटी गुरुवार शाम को बिना बताए कहीं चली गयी है। उन्होने काफी खोजने का प्रयास किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु, आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :– (1) ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2025-191 (Two Packet System), कार्य का नाम : कवर शेड के साथ रैंप के साथ पहले फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान (स्टेशन 4), एनएसजी–3 स्टेशन– बभनजोतिया (बीएनजीजे), रफीनगर (आरएफआर) और सिहापार (एसआईपीआर) और एनएसजी–6 स्टेशन– चिल्हिया (सीआईएच), अनुमानित लागत (₹) : 14,58,36,182.00, अग्रिम धन (₹) : 8,79,200.00, समापन अवधि –15 माह (2) ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2025-192, कार्य का नाम : (1) गोंडा–सुभागपुर–TRR(P)-4.600 Km. (Km 213/4-218/0=4.6 Kms). (2) आनंदनगर–बढ़नी–TRR(S) BG-लूप्स–7.3 km. सीनियर DEN-HQ-LJN के अधिकार क्षेत्र में. (3) गोरखपुर–नकहा जंगल ISD-5.900 km (GKP-JEA-लाइन–km 0/0-0/9 में = 0.90 kms और 1/5-6/5=5.00 kms) सीनियर DEN/I/LJN के अधिकार क्षेत्र में., अनुमानित लागत (₹) : 3,90,06,450.00, अग्रिम धन (₹) : 3,45,000.00, समापन अवधि –09 माह 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-191 - 192 के लिये ई–निविदा दिनांक 30.12.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, मुजाहि/डब्लू–357 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पड़ोसन को ब्लैकमेलिंग से बचाने में खुद वसूली में फंसा किशोर

कानपुर,6 दिसंबर। पनकी में दूसरों की मदद करना किशोर को महंगा पड़ गया। रतनपुर निवासी 17 वर्षीय किशोर ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि 24 अगस्त 2025 को उसकी पड़ोसन ने बताया कि एक युवक उसकी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार रुपए मांग रहा है। महिला ने किशोर से मदद मांगी और पहली किस्त के रुप में 25 हजार देकर कहा कि यह रकम पनकी थाने के पीछे पाटनी पार्क में ब्लैकमेलर को दे आए। किशोर ने मदद के भाव से रुपए पहुंचा भी दिए। लेकिन आरोपी युवक ने अगले ही दिन उसी स्थान पर दूसरी किस्त भी बुलाकर ले ली। कुछ दिनों बाद पीड़ित महिला के ही रिश्तेदारों ने किशोर को कछुआ तालाब के पास घेर लिया। आरोप है कि उनके साथ आए लोगों ने किसोर को धमकाकर कहा कि उसने ही पूरे 50 हजार रुपए हड़प लिए है। दबाव बनाकर उसे पुलिस चौकी में ले जाया गया। जहां उससे जबरन लिखवाया गया कि वह 50 हजार रुपए वापस करेगा,अन्यथा उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। डर और लगातार मिल रही धमकियों से परेशान किशोर ने 7 सितंबर को पुलिस से भी शिकायत की,लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसे अदालत का सहारा लेना पड़ा। सुनवाई के बाद न्यायलय ने पनकी पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। पनकी पुलिस ने युवक दो महिलाओं समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

खोए मोबाइल का इस्तेमाल कर निकाले 6.13 लाख रुपए

कानपुर,6 दिसंबर। गुजैनी थानाक्षेत्र के बर्रा आठ में युवक के खोए मोबाइल का इस्तेमाल कर खाते से 6.13 लाख रुपए निकाले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। बर्रा आठ निवासी रामबालक ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि कुछ माह पूर्व उनका मोबाइल सर्वोदय नगर स्थित निजी अस्पताल में खो गया था। आरोप है कि जिस शातिर को मोबाइल मिला उसने यूपीआई का इस्तेमाल कर खाते से 6.13 लाख रुपए निकाल लिए। उन्होने इसकी शिकायत साइबर थाने में की। गुजैनी थाना प्रभारी अमरनाथ ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

समाधान दिवस में पीड़ित की शिकायत पर 15 मिनट में जारी हुआ प्रमाण पत्र

कानपुर,6 दिसम्बर। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी से शिकायत करते ही कुछ ही मिनटों में समस्या हल होने पर लोग खुश हो गए। 92 प्रार्थना पत्र प्राप्त आए थे। जिनमें से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। कर्नलगंज निवासी एफ एस खान के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में नाम व जन्मतिथि में सुधार कर 15 मिनट में प्रमाण पत्र संपूर्ण समाधान दिवस में जारी कर दिया गया। ग्राम कठारा के रमई की भूमि प्रविष्टि लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर संशोधन किया गया। वहीं फजलगंज निवासी प्रहलाद की पुत्री का जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया। बता दें कि सदर तहसील के मर्चेंट चेम्बर हॉल में शनिवार को डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 92 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुएए जिनमें से 11 का निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित कराया गया। जिलाधिकारी ने शेष प्रकरणों को शासनादेश में निर्धारित सात दिवस की समय सीमा के भीतर हर हाल में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जटिल प्रकरणों का निपटारा पक्षकारों की मौजूदगी में किया जाए। जिससे कोई भी पक्ष असंतुष्ट न रहे। प्रत्येक प्रकरण की मॉनिटरिंग वे स्वयं करेंगे। डीएम ने सभी आवेदनों की गंभीरता से समीक्षा की और संबंधित विभागों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर निस्तारित 11 प्रकरणों में प्रमाण पत्र संशोधन, खतौनी सुधार, पेंशन संबंधी अवरोध, दिव्यांगजन प्रमाण पत्र हेतु चिकित्सकीय परीक्षण, राशन कार्ड जारी करना, जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना तथा वृद्धावस्था पेंशन से जुड़ी समस्याओं का समाधान शामिल रहा। कर्नलगंज निवासी एफएस खान के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में नाम व जन्मतिथि का सुधार कर प्रमाण पत्र जारी किया गया। ग्राम कठारा के रमई की भूमि प्रविष्टि लेखपाल व राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर सही की गई। सिविल लाइंस निवासी कल्पना सिंह को पेंशन की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। फजलगंज निवासी प्रहलाद की पुत्री को जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया। दबौली की निशा देवी को राशन कार्ड दिया गया। सिकहुला निवासी आशा देवी की वृद्धावस्था पेंशन संबंधी समस्या का समाधान कर केवाईसी पूर्ण कराई गई। सीसामऊ निवासी मुन्नी बेगम के पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र प्रकरण की आख्या लगवाकर निस्तारण किया गया। अर्रा गाँव निवासी संजय कुमार को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया।

प्राचार्य के निलंबन निरस्त की मांग, कुलपति को प्रपत्र सौंपा

कानपुर, 6 दिसम्बर। आज कानपुर विश्वविद्यालय स्ववित्त पोषित शिक्षक संघ कार्यकारिणी की एक आपात बैठक सुदर्शन सोसायटी कैंप कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें संघ के पदादिकारी, सभी शिक्षकों ने वीएसएसडी कॉलेज प्रबंधतंत्र द्वारा प्राचार्य प्रो. विपिन कौशिक के निलंबन की निंदा की। बैठक में सामूहिक निर्णय लिया गया कि वीएसएसडी कॉलेज के प्राचार्य विपिन कौशिक का निलंबन वापस लेने की मांग की। बैठक में इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों की ओर से सीएसजएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक को दिया गया। संघ के अध्यक्ष डॉ कमलेश यादव और महामंत्री डॉ अखंड प्रताप सिंह ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि प्राचार्य प्रो. विपिन कौशिक के निलंबन निरस्त किया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष डॉ कमलेश यादव, महामंत्री डॉ अखंड प्रताप सिंह, डॉ बृजेंद्र सेंगर, डॉ पुष्पलता, डॉ आर पी सिंह, डॉ अनिल आहूजा, डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ पूनम मदान,डॉ राजन दीक्षित, डॉ शरद यादव, डॉ जितेंद्र मोहन, डॉ इंद्रदेव, डॉ अनीता शुक्ला, डॉ राघवेंद्र, डॉ विवेक चौहान, डॉ अनुपम यादव, डॉ आरती सिंह , डॉ एस. वी. सिंह सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

HDFC BANK

We understand your world

नीलामी बिक्री सूचना

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न खातों में गिरवी रखे गए सोने के गहनों/सिक्योरिटी की सार्वजनिक नीलामी आयोजित की जानी प्रस्तावित है। यह नीलामी उन कर्जदारों के सोने के गहनों/सिक्योरिटी की है, जिन्होंने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक) द्वारा ऋण बकाया चुकाने के नोटिस के बावजूद, उनके द्वारा हस्ताक्षरित एवं स्वीकृत ऋण समझौते की शर्तों के अनुसार भुगतान करने में डिफालटिड है। बैंक ने कर्जदारों को एक नोटिस भी जारी किया था, जिसमें नीचे दिए गए खातों में पूरी बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय दिया गया था, अन्यथा बैंक बिना कोई और नोटिस जारी किए गिरवी रखी गई पूरी गोल्ड सिक्योरिटी की नीलामी करने के लिए आजाद होगी। कर्जदारों ने भुगतान करने में लापरवाही की है एवं असफल रहे हैं, इसलिए बैंक ने ऋण समझौते के अधीन गिरवीकार के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नीलामी के माध्यम से संपूर्ण सोने के गहनों/सिक्योरिटी को बेचकर गोल्ड सिक्योरिटी पर गिरवी को लागू करने एवं कर्जदारों द्वारा बैंक को देय बकाया राशि वसूलने का निर्णय लिया है। नीलामी 15–12–2025 को प्रातः 10.00 बजे से निम्नलिखित शाखों/शाखाओं में आयोजित की जाएगी। यदि किसी गिरवी रखी गई सिक्योरिटी की नीलामी दर्शाई तिथि पर आयोजित या सम्पन्न नहीं हो पाती है तो बैंक किसी बाद की तिथि एवं समय पर उक्त नीलामी आयोजित करने या आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्र स	ऋण नं	कर्जदार का नाम	ऋण राशि	नीलामी स्थान (शाखा पता)
1	73735411	कुलदीप कुमार	12385	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड 1/26 गांव नेतुवा, ओप सरकार अस्पताल राजधानी मार्ग गंगाघाट शुक्लागंज, उत्तर प्रदेश 209861 एचडीएफसी
2	76021877	राशिद खान	475000	बैंक लिमिडेड
3	73763129	आरती सिंह	40000	110/189, आर के नगर, जी टी रोड कानपुर उत्तर प्रदेश 208012
4	74798918	कुमारी रागिनी	13400	एचडीएफसी बैंक लिमिडेड 122/729 रॉयल पैलेस शास्त्री नगर कानपुर उत्तर प्रदेश 208005
5	75999484	शाह आलम	27700	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड 133/एम/280, मार्बल मार्केट किदवई नगर कानपुर उत्तर प्रदेश 208023
6	4000502835	संजय सिंह	408000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
7	75938717	वीरेंद्र सिंह यादव	155000	165/166, गुसाईपुरा मंगल कृष्ण कॉम्प्लेक्स
8	74293592	सत्यम गोस्वामी	109400	माणिक चौक झांसी उत्तर प्रदेश 248002
9	76084131	माधुरी रितिक यादव	937000	
10	76084288	माधुरी रितिक यादव	913500	
11	75272217	अनित कुमार	264800	
12	75982383	वैभव त्रिपाठी	255000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
13	75606300	सुनील त्रिपाठी	200000	614/1/2/3, कटरा फतेह मामूर
14	75874864	विक्रम कुमार	134000	खान, पुराना आर्य कानपुर रोड, इटावा, उत्तर प्रदेश 206001
15	75804530	तृप्ती यादव	95000	
16	75129920	विक्रम कुमार	62000	
17	75339167	सुनीता जितेंद्र	50600	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड बबीना चुंगी के पास, बबीना, उत्तर प्रदेश 284401
18	466023411	रवि चंद्र	175500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ग्राउण्ड फ्लोर, होटल कृष्णा, रेजीडेंसी मोहल्ला गांधी नगर, वार्ड सुभाष नगर, महोबा, उत्तर प्रदेश 210427
19	75658091	रवि द्विवेदी	615000	
20	75744161	सुमित त्रिपाठी	43000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड भूतल, मकान संख्या 693/1
21	74309646	मदन कुमार	13000	पठानपुरा, उर्ई रोड, रथ हमीरपुर, उत्तर प्रदेश 210431
22	75340234	मोहम्मद राजा	321100	
23	75245604	शिवम यादव	300000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
24	74075216	मनोज कुमार	129700	मेन रोड, एसबीआई के सामने रमाबाई नगर, पुखरांया
25	74343805	फारूख अहमद	22500	पुखरायां, उत्तर प्रदेश 209111
26	75969368	अमरजीत सिंह भटिया	185000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
27	75340266	हरिओम पांडव	62100	126/96, ब्लाक एच गोविन्द नगर, कानपुर यूपी 208006
28	74604323	कौशल धानीराम	47800	
29	75002704	श्यामू चौरसिया	12600	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड 153/25, अमर सिनेमा कॉम्प्लेक्स मोहल्ला गुलार नाका, बांदा उत्तर प्रदेश 210001 एचडीएफसी
30	75993786	देवेंद्र कुमार सिंह	1294500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सी 18, ब्लॉक डी 200 फीट रोड श्याम नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश 208013
31	74593926	अनुज कुमार	456000	
32	74503430	अनुज कुमार	299000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड जीआरडी, । तल मोहल्ला आर्य नगर
33	75848201	लाली जयवीर	129400	तहसील अजीतमल, जिला औरैया, उत्तर प्रदेश 206121
34	75604487	सरला देवी	80000	
35	74696707	शैलेंद्र सिंह	440000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ग्राउंड एंड फर्स्ट फ्लोर, श्वेता टॉवर, 19/122–सी
36	75478815	ऐश्वर्या तिवारी	17938	व मॉल, पीपीएन मार्केट, कानपुर, उत्तर प्रदेश 208001
37	76041313	रंजीत सिह	82000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ग्राउंड फ्लोर हाउस नंबर 61 जवाहर रोड, भरथना जिला इटावा उत्तर प्रदेश 206242
38	75484231	अनुराधा देवी	434400	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड एच नंबर 110 , आरजी नंबर 362। जरौली कर्राही रोड, कर्राही, कानपुर उत्तर प्रदेश 208027
39	75846191	विजय सिंह	64200	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड हाउस नंबर 555, सुभाष कासिग
40	73739893	मुकेश कुमार	52500	कानपुर रोड, औरैया उत्तर प्रदेश 206122
41	75440117	उमा देवी	79500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड खसरा नंबर 442, 443, और 444 ककराही, दिबियापुर, जिला औरैया उत्तर प्रदेश 206244
42	75452623	रूपिन कुमार गुप्ता	44200	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड खसरा नंबर 853, अशोक नगर, बस स्टैंड के पास, कानपुर रोड, मौरानीपुर, उत्तर प्रदेश 284204
43	75145658	किशुन लाल	82300	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड मोती होटल परिसर, स्टेशन रोड मौरानीपुर, उत्तर प्रदेश 284204
44	75487671	अपडेश कुमार	494000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड रेल मंडी, जसवंत नगर,
45	74104291	सुभाष चंद्र	301000	जिला इटाया यूपी। जसवंत नगर, उत्तर प्रदेश 206245
46	75744335	जय विजय सिंह	227000	
47	75599333	आशीष कुमार सैनी	97800	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
48	73750538	अजय प्रजापति	96475	वार्ड नंबर 8, विवेक नगर, हमीरपुर, उत्तर प्रदेश 210301
49	75921195	आकाश सिंह	423700	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड मकान नंबर 24/178, बाजार कला, परगना व तहसील छिबरामऊ जिला कन्नौज, उत्तर प्रदेश 209721
50	75812831	रंजना रामकिशोर	67000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ऊपरी जीआरडी। मंजिल नगर निगम नंबर 171, मोहल्ला अल्लाहपुर, सैदखेल, शाहजहांपुर रोड, शाहाबाद, जिला। हरदोई उत्तर प्रदेश 241124
51	74523417	सदाब अनीशशाह	39500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड 64 मोहल्ला भवानी राम जिला जालौन, जालौन उत्तर प्रदेश 285205
52	76056928	शत्रुघ्न सिंह	198600	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड जीआरडी। मंजिल आराजी नं 1444 कोंच बदनपुरा, संत लाल की बगिया नया पटेल नगर, नादिगौन रोड कोंच जिला जालौन उत्तर प्रदेश 285205
53	74581665	इश्तियाक रायेन	47900	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड जीआरडी। तल, छोटा रमन, चरखारी ऑप। गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, इंडियन बैंक के पास, चरखारी, जिला महोबा, उत्तर प्रदेश 210421
54	75586140	मान सिंह	438600	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सेलापुर रोड, गल्ला मंडी के पास,
55	75134141	युवराज रामभजन	110000	माधोगंज, हरदोई (यूपी) 241302
56	4000255315	प्रमिला सिंह	183500	